...RENCE ONLY

# मध्य प्रदेश
# आय-व्ययक
## संक्षेप में




# 1999 - 2000

543
330.272

FOR REFERENCE ONLY

# मध्य प्रदेश

# आयव्ययक

## संक्षेप में

# 1999 - 2000

NIEPA DC
D10352

- 543
330.212
MAD - M

LIBRARY & DOCUMENTATION CENTRE
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016
DOC, No ........ D-10352
Date ........ 08-11-99.

FOR REFERENCE ONLY

# प्रस्तावना

मध्य प्रदेश आयव्ययक संक्षेप में, 1999-2000 मुख्य आयव्ययक को सरलतापूर्वक स्थूल रुप से समझाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है । इसमें राज्य विधान सभा के समक्ष 22 फरवरी, 1999 को प्रस्तुत मध्य प्रदेश के वर्ष 1999-2000 के आयव्ययक की प्रमुख विशेषताओं को संक्षेप में तालिकाओं एवं चित्रलेखों के माध्यम से स्पष्ट करने का प्रयत्न किया गया है । राज्य शासन द्वारा वर्ष 1999-2000 में विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत किये जाने वाले व्यय की राशि के माध्यम से विभिन्न शासकीय गतिविधियों को दी गई प्राथमिकता को प्रस्तुत पुस्तिका में संक्षेपतः दर्शाया गया है । साथ ही, वर्ष 1999-2000 के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों पर व्यय की पूर्ति हेतु विभिन्न स्त्रोतों से होने वाले राजस्व को भी संक्षेप में दिया गया है । इसमें वर्ष 1997-98 का लेखा, वर्ष 1998-99 के पुनरीक्षित अनुमान (पु. अ.) तथा वर्ष 1999-2000 के आयव्ययक अनुमान (आ.अ.) दिये गये हैं ।


# विषय सूची


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| | प्रस्तावना | एक |
| 1. | राजस्व प्राप्तियाँ एवं राजस्व लेखे पर व्यय, 1999-2000 | 02 |
| 2. | राजस्व लेखे पर आधिक्य या घाटा | 04 |
| 3. | करों और शुल्कों से प्रमुख शीर्षवार राजस्व | 06 |
| 4. | स्त्रोतवार कर-भिन्न राजस्व | 08 |
| 5. | केन्द्रीय सरकार से सहायक अनुदान | 10 |
| 6. | राजस्व लेखे पर प्रमुख शीर्षवार व्यय | 12 |
| 7. | प्रमुख शीर्षवार पूंजीगत व्यय | 18 |
| 8. | राज्य सरकार द्वारा ऋण तथा अग्रिम | 20 |
| 9. | आयोजना व्यय | 22 |
| 10. | नया व्यय | 24 |
| 11. | लोक ऋण | 26 |
| 12. | लोक लेखा | 28 |
| 13. | शुद्ध लेन-देन के परिणाम | 30 |
| 14. | ऋण स्थिति | 32 |
| 15. | शासकीय प्रतिभूतियों, आदि में वित्तीय विनियोजन | 34 |
| 16. | राज्य योजना, 1999-2000 के अन्तर्गत परिव्यय | 36 |
| 17. | राज्य योजना, 1999-2000 के लिए संसाधन | 38 |

## राजस्व प्राप्तियाँ एवं राजस्व लेखे पर व्यय, 1999-2000

अनुमान है कि वर्ष 1999-2000 में मध्य प्रदेश को राजस्व प्राप्ति 13814.51 करोड़ रुपये और राजस्व लेखे पर व्यय 15597.06 करोड़ रुपये होगा । इस प्रकार, राज्य का आयव्ययक 1782.55 करोड़ रुपयों का राजस्व घाटा दर्शाता है ।

सामने वाले पृष्ठ पर दिये गये चित्रलेख में राज्य के वर्ष 1999-2000 के आयव्ययक के प्रमुख राजस्व स्त्रोत तथा व्यय के प्रस्तावित शीर्ष दिखलाये गये हैं । राज्य के प्रमुख कर हैं - बिक्री, व्यापार, आदि पर कर तथा राज्य उत्पाद शुल्क जो कि सम्मिलित रुप से राज्य के कुल राजस्व में लगभग 26.31 प्रतिशत योग देते हैं । कर-भिन्न राजस्व के राज्यीय स्त्रातों में प्रमुख हैं - अलोह धातु खनन एवं धातुकर्म उद्योग तथा अन्य समस्त उद्योग एवं वानिकी और वन्य जीवन । इनसे राज्य के कुल राजस्व का क्रमश: 9.27 तथा 3.62 प्रतिशत भाग प्राप्त होगा । केन्द्रीय शासन से प्राप्त सहायक अनुदान कुल राजस्व का 14.84 प्रतिशत है । व्यय का सर्वाधिक महत्वपूर्ण शीर्ष कृषि और सम्बद्ध क्रियाकलाप (ग्रामीण विकास सहित) है । इस पर वर्ष 1999-2000 के कुल प्रस्तावित राजस्व व्यय का 13.18 प्रतिशत खर्च किया जायेगा । शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति को भी गत वर्षों के समान काफी महत्व दिया गया है । वर्ष 1999-2000 में इन सेवाओं पर 14.59 प्रतिशत का राजस्व व्यय अनुमानित है । अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के कल्याण पर 6.42 प्रतिशत राशि व्यय करने का प्रावधान रखा गया है । सामने वाले पृष्ठ पर आयव्ययक रुपये के प्रमुख घटक दर्शाये गये हैं ।



मध्य प्रदेश आय व्यय क-रुपया
1999-2000
प्राप्तियां
पैसे
आय और व्यय पर कर
10
सम्पत्ति और पूंजीगत लेन-देनों पर कर
3
संघ उत्पाद शुल्क
14
राज्य उत्पाद शुल्क
7
बिक्री, व्यापार, आदि पर कर
17
अन्य
9
वस्तुओं और सेवाओं पर कर और शुल्क
करों एवं शुल्कों से राजस्व
वानिकी
3
अलोह धातु खनन एवं समस्त उद्योग
8
अन्य
4
कर-भिन्न राजस्व
सहायक अनुदान
13
केन्द्रीय सरकार से सहायक अनुदान
घाटा
12
एक रुपया
राजस्व लेखा
व्यय
पैसे
प्रशासनिक सेवायें
16
ब्याज संग्रहण और ऋण परिशोधन खर्च
15
अन्य
11
सामान्य सेवायें
शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति
15
चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
5
जलपूर्ति और सफाई
सामाजिक सुरक्षा और कल्याण एवं पोषाहार
3
अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्गों का कल्याण
6
अन्य
सामाजिक सेवायें
कृषि और सम्बद्ध क्रियाकलाप
5
ग्रामीण विकास
1
उद्योग और खनिज
सिंचाई तथा बाढ़ नियंत्रण
3
ऊर्जा
परिवहन
3
सहायक अनुदान, आदि
सहायक अनुदान, अंशदान, आदि
आर्थिक सेवायें
एक रुपया

# राजस्व लेखे पर आधिक्य या घाटा


निम्न तालिका में मध्य प्रदेश के वर्ष 1997-98, 1998-99 तथा 1999-2000 के राजस्व प्राप्तियाँ एवं राजस्व लेखे पर व्यय के प्रमुख मदों का वर्गीकरण दर्शाया गया है :

(करोड़ रुपयों में)

| शीर्ष | 1997-98 (लेखा) | 1998-99 (पु. अ.) | 1999-2000 (आ. अ.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **राजस्व प्राप्तियाँ :** | | | |
| 1. करों एवं शुल्कों से राजस्व | 7890.95 (70.10) | 8436.81 (68.59) | 9310.29 (67.39) |
| 2. कर-भिन्न राजस्व | 2018.55 (17.93) | 1874.62 (15.24) | 2454.56 (17.77) |
| 3. केन्द्रीय सरकार से सहायक अनुदान | 1347.62 (11.97) | 1989.68 (16.17) | 2049.66 (14.84) |
| **योग** | **11257.12 (100.00)** | **12301.11 (100.00)** | **13814.51 (100.00)** |
| **राजस्व व्यय :** | | | |
| 1. आयोजनेतर | 9443.48 (80.53) | 11448.45 (80.32) | 12267.26 (78.65) |
| 2. आयोजना | 2282.96 (19.47) | 2804.83 (19.68) | 3329.80 (21.35) |
| **योग** | **11726.44 (100.00)** | **14253.28 (100.00)** | **15597.06 (100.00)** |
| **आधिक्य (+) या घाटा (-)** | (–) **469.32** | (–) **1952.17** | (–) **1782.55** |

**टीप** : कोष्ठक में दिये गये अंक कुल राजस्व प्राप्तियाँ एवं कुल राजस्व व्यय का प्रतिशत दर्शाते हैं ।

# राजस्व लेखे पर प्राप्तियाँ तथा व्यय




## करों और शुल्कों से प्रमुख शीर्षवार राजस्व

वर्ष 1999-2000 की कुल 13814.51 करोड़ रुपयों की राजस्व प्राप्तियों में से 9310.29 करोड़ रुपये कर राजस्व द्वारा प्राप्त होना अनुमानित है । निम्न तालिका में कर राजस्व के प्रमुख शीर्षों का योगदान दर्शाया गया है :

(करोड़ रुपयों में)

| कर राजस्व के प्रमुख शीर्ष | 1997-98 (लेखा) | 1998-99 (पु. अ.) | 1999-2000 (आ. अ.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **आय और व्यय पर कर** | **1832.02** | **1402.13** | **1544.35** |
| 1. निगम कर से भिन्न आय पर कर | 1750.51 | 1317.07 | 1448.78 |
| 2. होटल प्राप्ति कर | 4.60 | 5.06 | 5.57 |
| 3. आय और व्यय पर अन्य कर | 76.91 | 80.00 | 90.00 |
| **सम्पत्ति और पूंजीगत लेनदेनों पर कर** | **389.30** | **447.00** | **494.00** |
| 1. भू-राजस्व | 28.13 | 30.00 | 34.00 |
| 2. स्टाम्प और पंजीकरण | 361.17 | 417.00 | 460.00 |
| 3. कृषि भूमि से भिन्न अचल सम्पत्ति पर कर | - | - | - |
| **वस्तुओं और सेवाओं पर कर** | **5669.63** | **6587.68** | **7271.94** |
| 1. संघ उत्पाद शुल्कों में राज्य का भाग | 1576.13 | 1940.46 | 2134.51 |
| 2. राज्य उत्पाद शुल्क | 845.29 | 946.00 | 1060.00 |
| 3. बिक्री, व्यापार, आदि पर कर | 2056.19 | 2342.00 | 2575.00 |
| 4. वाहनों पर कर | 371.38 | 425.00 | 470.00 |
| 5. माल एवं यात्रियों पर कर | 318.63 | 380.00 | 425.00 |
| 6. बिजली पर कर और शुल्क | 478.29 | 528.12 | 578.73 |
| 7. वस्तुओं और सेवाओं पर अन्य कर और शुल्क | 23.72 | 26.10 | 28.70 |
| **योग** | **7890.95** | **8436.81** | **9310.29** |

# करों और शुल्कों से प्रमुख शीर्षवार राजस्व




## स्त्रोतवार कर-भिन्न राजस्व

निम्न तालिका में कर-भिन्न राजस्व के स्त्रोत दर्शाये गये हैं :

(करोड़ रुपयों में)

| कर-भिन्न राजस्व के स्त्रोत | 1997-98 (लेखा) | 1998-99 (पु. अ.) | 1999-2000 (आ. अ.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **राजकोषीय सेवायें** | **0.01** | - | - |
| **ब्याज प्राप्तियाँ, लाभांश और लाभ** | **224.80** | **259.09** | **280.15** |
| 1. ब्याज प्राप्तियाँ | 223.25 | 258.20 | 278.86 |
| 2. लाभांश और लाभ | 1.55 | 0.89 | 1.29 |
| **सामान्य सेवायें** | **134.21** | **138.90** | **165.13** |
| 1. पुलिस | 25.59 | 40.50 | 60.00 |
| 2. लोक निर्माण | 11.87 | 15.79 | 17.36 |
| 3. अन्य | 96.75 | 82.61 | 87.77 |
| **सामाजिक सेवायें** | **77.86** | **36.11** | **36.78** |
| 1. शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति | 10.95 | 5.01 | 5.32 |
| 2. चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, जलपूर्ति और सफाई | 25.71 | 17.62 | 17.65 |
| 3. आवास और नगर विकास | 4.86 | 5.10 | 5.34 |
| 4. श्रम और रोजगार | 3.83 | 4.03 | 4.04 |
| 5. अन्य | 32.51 | 4.35 | 4.43 |
| **आर्थिक सेवायें** | **1581.67** | **1440.52** | **1972.50** |
| 1. कृषि कार्य, पशुपालन, डेरी विकास, सहकारिता और अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम | 54.69 | 54.82 | 62.42 |
| 2. वानिकी और वन्य जीवन | 625.85 | 400.00 | 500.00 |
| 3. अलोह धातु खनन एवं धातुकर्म उद्योग तथा अन्य समस्त उद्योग | 827.74 | 859.64 | 1280.14 |
| 4. सिंचाई (वृहद्, मध्यमं तथा लघु) | 36.02 | 90.45 | 90.45 |
| 5. अन्य | 37.37 | 35.61 | 39.49 |
| **योग** | **2018.55** | **1874.62** | **2454.56** |

# स्त्रोतवार कर-भिन्न राजस्व




## केन्द्रीय सरकार से सहायक अनुदान

केन्द्रीय सरकार से राज्य को प्राप्त होने वाले सहायक अनुदान वर्ष 1999-2000 के कुल राजस्व प्राप्तियों का 14.84 प्रतिशत होंगे । निम्न तालिका में इन अनुदानों का विवरण दर्शाया गया है :

(करोड़ रुपयों में)

| केन्द्रीय सरकार से सहायक अनुदान | 1997-98 (लेखा) | 1998-99 (पु. अ.) | 1999-2000 (आ. अ.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. राज्य आयोजनागत योजनाओं के लिये | 330.46 | 535.48 | 640.77 |
| 2. केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओ के लिये | 640.89 | 490.16 | 507.01 |
| 3. केन्द्रीय आयोजनागत योजनाओं के लिये | 217.05 | 702.61 | 634.40 |
| 4. आयोजनेतर अनुदान | 159.22 | 261.43 | 267.48 |
| **योग** | **1347.62** | **1989.68** | **2049.66** |

# केन्द्रीय सरकार से सहायक अनुदान



## राजस्व लेखे पर प्रमुख शीर्षवार व्यय

निम्न तालिका में राजस्व लेखे पर होने वाला व्यय, प्रमुख शीर्षों के अनुसार, दर्शाया गया है :


(करोड़ रुपयों में)

| व्यय के शीर्ष | 1997-98 (लेखा) | 1998-99 (पु. अ.) | 1999-2000 (आ. अ.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **क - सामान्य सेवायें** | | | |
| **1. राज्य के अंग** | **85.65** | **141.83** | **157.58** |
| अ. राज्य विधान मंडल, राज्यपाल, मंत्री-परिषद् और निर्वाचन | 20.04 | 56.72 | 84.06 |
| आ. न्याय प्रशासन | 65.61 | 85.11 | 73.52 |
| **2. राजकोषीय सेवायें** | **347.97** | **429.11** | **421.72** |
| अ. आय और व्यय पर करों का संग्रह | 0.34 | 0.71 | 0.62 |
| आ. सम्पत्ति और पूंजीगत लेन-देनों पर संग्रह | 183.04 | 242.94 | 219.85 |
| इ. वस्तुओं और सेवाओं पर करों की वसूली | 163.05 | 183.04 | 199.12 |
| ई. अन्य राजकोषीय सेवायें | 1.54 | 2.42 | 2.13 |
| **3. ब्याज संग्रह और ऋण परिशोधन खर्च** | **1659.92** | **1854.11** | **2251.57** |
| अ. ब्याज संदाय | 1659.92 | 1854.11 | 2251.57 |
| **4. प्रशासनिक सेवायें** | **1009.14** | **1296.50** | **2548.24** |
| अ. सचिवालय-सामान्य सेवायें, जिला प्रशासन तथा राजकोष और लेखा प्रशासन | 158.59 | 228.60 | 866.31 |
| आ. पुलिस और जेलें | 671.21 | 891.99 | 781.66 |
| इ. लेखन सामग्री और मुद्रण | 18.73 | 26.80 | 25.09 |
| ई. लोक निर्माण | 96.64 | 76.62 | 57.94 |
| उ. अन्य प्रशासनिक सेवायें | 63.97 | 72.49 | 817.24 |
| **5. पेंशन और विविध सामान्य सेवायें** | **754.04** | **1052.03** | **1156.69** |
| **योग - क** | **3856.72** | **4773.58** | **6535.80** |

क्रमशः

# राजस्व लेखे पर प्रमुख शीर्षवार व्यय

## सामान्य सेवायें




(करोड़ रुपयों में)

| व्यय के शीर्ष | 1997-98 (लेखा) | 1998-99 (पु. अ.) | 1999-2000 (आ. अ.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **ख - सामाजिक सेवायें** | | | |
| 1. शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति | 1987.21 | 2324.47 | 2275.74 |
| 2. चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 584.98 | 932.76 | 756.62 |
| 3. जलपूर्ति और सफाई | 407.97 | 504.04 | 367.43 |
| 4. आवास और नगर विकास | 111.21 | 198.00 | 226.30 |
| 5. श्रम और रोजगार | 51.56 | 72.53 | 73.60 |
| 6. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों का कल्याण | 761.71 | 967.95 | 1000.96 |
| 7. सामाजिक सुरक्षा और कल्याण एवं पोषाहार | 349.80 | 496.23 | 512.98 |
| 8. प्राकृतिक आपदाओं के सम्बन्ध में राहत | 203.74 | 56.97 | 59.12 |
| 9. अन्य | 23.59 | 31.54 | 30.76 |
| **योग - ख** | **4481.77** | **5584.49** | **5303.51** |

क्रमशः

# राजस्व लेखे पर प्रमुख शीर्षवार व्यय

## सामाजिक सेवायें




(करोड़ रुपयों में)


| व्यय के शीर्ष | 1997-98 (लेखा) | 1998-99 (पु. अ.) | 1999-2000 (आ. अ.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **ग - आर्थिक सेवायें** | | | |
| **1. कृषि और सम्बद्ध क्रियाकलाप** | **1032.20** | **1351.72** | **1219.49** |
| अ. कृषि कार्य, पशुपालन, सहकारिता, भू-और जल संरक्षण तथा डेरी विकास | 481.99 | 607.92 | 531.57 |
| आ. वानिकी और वन्य जीवन | 493.03 | 653.27 | 612.72 |
| इ. अन्य | 57.18 | 90.53 | 75.20 |
| **2. ग्रामीण विकास** | **801.62** | **927.67** | **836.42** |
| **3. सिंचाई तथा बाढ़ नियंत्रण** | **269.90** | **268.27** | **256.36** |
| अ. वृहद्, मध्यम और लघु सिंचाई | 251.84 | 225.99 | 206.19 |
| आ. कमान क्षेत्र विकास | 18.06 | 42.28 | 50.17 |
| **4. ऊर्जा** | **392.53** | **434.50** | **463.83** |
| **5. उद्योग और खनिज** | **125.25** | **115.66** | **102.17** |
| अ. उद्योग (ग्रामोद्योग एवं लघु उद्योग सहित) | 100.53 | 92.81 | 88.78 |
| आ. अलोह धातु खनन एवं धातुकर्म उद्योग | 24.72 | 22.85 | 13.39 |
| **6. परिवहन** | **400.63** | **329.67** | **348.23** |
| अ. सड़कें और पुल | 399.10 | 327.95 | 346.31 |
| आ. अन्य | 1.53 | 1.72 | 1.92 |
| **7. विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण** | **2.01** | **4.07** | **4.01** |
| **8. सामान्य आर्थिक सेवायें** | **28.37** | **34.85** | **30.74** |
| **योग - ग** | **3052.51** | **3466.41** | **3261.25** |
| **घ - सहायक अनुदान और अंशदान, आदि स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति और समनुदेशन** | **335.44** | **428.80** | **496.50** |
| **योग - क+ख+ग+घ** | **11726.44** | **14253.28** | **15597.06** |

# राजस्व लेखे पर प्रमुख शीर्षवार व्यय

## आर्थिक सेवायें




## योग




## प्रमुख शीर्षवार पूंजीगत व्यय

पूंजीगत व्यय के अन्तर्गत राजस्व लेखे के बाहर होने वाला व्यय आता है, जिसकी पूर्ति प्राय: उधार ली गई राशि से की जाती है । निम्न तालिका में पूंजीगत व्यय के महत्वपूर्ण शीर्ष दर्शाये गये हैं :

(करोड़ रुपयों में)

| व्यय के शीर्ष | 1997-98 (लेखा) | 1998-99 (पु. अ.) | 1999-2000 (आ. अ.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **क - सामान्य सेवायें** | **22.27** | **33.34** | **14.27** |
| 1. लोक निर्माण | 20.09 | 32.11 | 13.07 |
| 2. अन्य | 2.18 | 1.23 | 1.20 |
| **ख - सामाजिक सेवायें** | **170.37** | **281.29** | **224.85** |
| 1. शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति | 39.46 | 33.83 | 33.56 |
| 2. चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 27.31 | 72.59 | 31.85 |
| 3. जलपूर्ति एवं सफाई | 3.33 | 2.01 | 2.01 |
| 4. आवास और नगर विकास | 26.96 | 20.67 | 12.52 |
| 5. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों का कल्याण | 24.93 | 105.94 | 107.60 |
| 6. सामाजिक सुरक्षा और कल्याण एवं पोषाहार | 45.60 | 45.51 | 36.71 |
| 7. अन्य | 2.78 | 0.74 | 0.60 |
| **ग - आर्थिक सेवायें** | **1485.16** | **1027.53** | **836.44** |
| 1. कृषि और सम्बद्ध क्रियाकलाप | 85.45 | 118.62 | 45.37 |
| 2. ग्रामीण विकास | 63.33 | 64.35 | 64.35 |
| 3. सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण | 425.14 | 593.40 | 493.20 |
| 4. ऊर्जा | 834.54 | 136.76 | 130.95 |
| 5. उद्योग और खनिज | 10.46 | 11.56 | 19.39 |
| 6. परिवहन | 64.42 | 101.74 | 82.08 |
| 7. सामान्य आर्थिक सेवायें | 1.82 | 1.10 | 1.10 |
| **योग- क+ख+ग** | **1677.80** | **1342.16** | **1075.56** |

# प्रमुख शीर्षवार पूंजीगत व्यय



## राज्य सरकार द्वारा ऋण तथा अग्रिम


पूंजीगत व्यय के साथ ही, जिसका उल्लेख किया जा चुका है, राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति प्रदान करने हेतु राज्य सरकार कृषकों, स्थानीय निकायों, औद्योगिक संस्थाओं, शासकीय कर्मचारियों व गैर शासकीय पक्षों को ऋण तथा अग्रिम राशि दिया करती है । निम्न तालिका वर्ष 1997-98, 1998-99 तथा 1999-2000 के लिये राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त ऋण तथा अग्रिम की स्थिति को दर्शाती है :

(करोड़ रुपयों में)

| राज्य सरकार द्वारा ऋण तथा अग्रिम | 1997-98 (लेखा) | 1998-99 (पु. अ.) | 1999-2000 (आ. अ.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **संवितरण :** | | | |
| आयोजनेतर | 51.98 | 39.22 | 44.14 |
| आयोजना | 415.54 | 286.77 | 263.74 |
| **योग** | **467.52** | **325.99** | **307.88** |
| **प्राप्तियाँ** | **794.08** | **92.99** | **114.46** |
| **शुद्ध ऋण तथा अग्रिम** | (+) **326.56** | (–) **233.00** | (–) **193.42** |

राज्य सरकार द्वारा दिये गये कुल ऋण व अग्रिम की राशि का वर्ष 1997-98 (लेखा) में 88.88 प्रतिशत, 1998-99 (पुनरीक्षित अनुमान) में 87.97 प्रतिशत तथा 1999-2000 (आयव्ययक अनुमान) में 85.66 प्रतिशत आयोजना कार्यों के लिये है ।

# राज्य सरकार द्वारा ऋण तथा अग्रिम




आयोजना व्यय मूलतः राष्ट्र-निर्माण एवं समाज सेवाओं से सम्बन्धित है । उत्पादन क्षेत्र एवं समाज सेवा क्षेत्र पर किये गये व्यय इसके प्रमुख घटक हैं व जनता की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार से इसका प्रत्यक्ष सम्बन्ध है । वर्ष 1997-98 से 1999-2000 तक के लिए राज्य का आयोजना व्यय निम्न प्रकार है :

(करोड़ रुपयों में)

| आयोजना व्यय | 1997-98 (लेखा) | 1998-99 (पु. अ.) | 1999-2000 (आ. अ) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| राजस्व लेखा | 2282.96 (52.23) | 2804.83 (63.51) | 3329.80 (71.33) |
| पूंजीगत लेखा | 1672.42 (38.26) | 1324.81 (30.00) | 1074.78 (23.02) |
| राज्य सरकार द्वारा ऋण तथा अग्रिम | 415.54 (9.51) | 286.77 (6.49) | 263.74 (5.65) |
| **योग** | **4370.92 (100.00)** | **4416.41 (100.00)** | **4668.32 (100.00)** |

उपरोक्त तालिका में योजना व्यय का वह अंश ही दर्शाया गया है, जो राज्य के बजट में सम्मिलित है ।

# आयोजना व्यय
(प्रतिशत)



# नया व्यय

वर्ष 1999-2000 के आयव्ययक में सम्मिलित किये गये नये व्यय के मद निम्न प्रकार हैं :


(करोड़ रुपयों में)


| व्यय के मद | आयोजनेतर | आयोजना | योग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| राजस्व लेखा | 3.83<br>(17.77) | 17.72<br>(82.23) | 21.55<br>(100.00) |
| पूंजीगत लेखा | -<br>(-) | 4.24<br>(100.00) | 4.24<br>(100.00) |
| ऋण तथा अग्रिम | -<br>(-) | -<br>(-) | -<br>(-) |
| **योग** | **3.83**<br>**(14.85)** | **21.96**<br>**(85.15)** | **25.79**<br>**(100.00)** |

कोष्ठक में दिये गये अंक राजस्व या पूंजीगत लेखे में कुल नये व्यय या राज्य सरकार द्वारा ऋण तथा अग्रिम की राशि में कुल नये व्यय का प्रतिशत दर्शाते हैं । राज्य सरकार के वर्ष 1999-2000 में कुल व्यय (राज्य सरकार द्वारा लोक ऋण संवितरण सम्मिलित) 20510.92 करोड़ रुपये में संचित निधि के अनुसार नया व्यय (25.79 करोड़ रुपये) 0.13 प्रतिशत है । नये व्यय में से 21.96 करोड़ रुपये अथवा 85.15 प्रतिशत आयोजना के लिए निर्धारित है । इसका 80.69 प्रतिशत राजस्व लेखे पर है ।

# नया व्यय

**1999-2000 (आ.अ.)**







# लोक ऋण

राज्य सरकार के लिए ऋण का प्रमुख साधन केन्द्रीय सरकार है । केन्द्रीय सरकार द्वारा ये ऋण, योजनाओं के अन्तर्गत किये जाने वाले भारी पूंजीगत व्यय की पूर्ति हेतु दिये जाते हैं । योजना के कारण बढ़ते हुए व्ययों की पूर्ति हेतु राज्य सरकार को खुले बाजार से भी ऋण प्राप्त करना पड़ता है । प्राप्तियाँ एवं व्यय की कमी के संतुलन हेतु यदा-कदा शासन को अल्पकालीन ऋणों का प्रसार तथा सरकारी हुंडिया भी जारी करना आवश्यक होता है । निम्नांकित तालिका में वर्ष 1997-98, 1998-99 तथा 1999-2000 के लोक ऋण की विस्तृत जानकारी दी गई है :

(करोड़ रुपयों में)

| वर्ष | लिये गये ऋण | चुकाये गये ऋण | शुद्ध लोक ऋण (+) या (-) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **राज्य सरकार का आंतरिक ऋण** | | | |
| 1997-98 (लेखा) | 3221.51 | 2613.62 | (+) 607.89 |
| 1998-99 (पु. अ.) | 3937.46 | 3091.54 | (+) 845.92 |
| 1999-2000 (आ. अ.) | 3923.23 | 3132.64 | (+) 790.59 |
| **केन्द्रीय सरकार से ऋण तथा अग्रिम** | | | |
| 1997-98 (लेखा) | 1441.96 | 309.72 | (+) 1132.24 |
| 1998-99 (पु. अ.) | 1917.19 | 349.07 | (+) 1568.12 |
| 1999-2000 (आ. अ.) | 2157.08 | 397.78 | (+) 1759.30 |
| **कुल लोक ऋण** | | | |
| 1997-98 (लेखा) | 4663.47 | 2923.34 | (+) 1740.13 |
| 1998-99 (पु. अ.) | 5854.65 | 3440.61 | (+) 2414.04 |
| 1999-2000 (आ. अ.) | 6080.31 | 3530.42 | (+) 2549.89 |



लोक ऋण
1999-2000 (आ. अ.)
(करोड़ रुपयों में)
7000
6000
5000
4000
3000
2000
1000
0
केन्द्र सरकार से ऋण तथा अग्रिम
राज्य सरकार का आंतरिक ऋण
लिये गये ऋण
चुकाये गये ऋण
लोक ऋण (शुद्ध)

## लोक लेखा

लोक लेखे में वर्ष 1997-98 (लेखा) के 367.97 करोड़ रुपयों तथा वर्ष 1998-99 (पुनरीक्षित अनुमान) के 414.58 करोड़ रुपयों की तुलना में वर्ष 1999-2000 (आ. अ.) में निधि, निक्षेप व प्रेषण लेन-देन द्वारा 479.25 करोड़ रुपयों की शुद्ध प्राप्तियाँ अनुमानित की गई हैं । इन शुद्ध प्राप्तियाँ के घटक अंश संक्षेप में नीचे दर्शाये गये हैं :

(करोड़ रुपयों में)

| निधि, निक्षेप व प्रेषण लेन-देन (शुद्ध प्राप्तियाँ) | 1997-98 (लेखा) | 1998-99 (पु. अ.) | 1999-2000 (आ. अ.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. भविष्य निधियाँ, आदि | (+) 333.12 | (+) 837.86 | (+) 578.97 |
| 2. आरक्षित निधियाँ | (+) 32.23 | (+) 1.91 | (+) 2.26 |
| 3. जमा और पेशगियां | (–) 80.95 | (–) 425.19 | (–) 101.98 |
| 4. उचन्त और विविध | (+) 96.46 | - | - |
| 5. प्रेषण | (–) 12.89 | - | - |
| **योग** | **(+) 367.97** | **(+) 414.58** | **(+) 479.25** |


लोक लेखा
(शुद्ध प्राप्तियाँ)
(करोड़ रुपयों में)
500
400
300
200
100
0
1997-98
(लेखा)
1998-99
(पु. अ.)
1999-2000
(आ. अ.)

## शुद्ध लेन-देन के परिणाम


वर्ष 1999-2000 (-) 386.44 करोड़ रुपयों की राशि से प्रारम्भ होगा । राजस्व लेखे के लेन-देन से (-) 1782.55 करोड़ रुपयों का घाटा होने की सम्भावना है । यह वर्ष (-) 408.83 करोड़ रुपयों की राशि से समाप्त होगा । निम्न तालिका में राज्य सरकार की शुद्ध वित्तीय स्थिति दर्शायी गई है :

(करोड़ रुपयों में)

| शुद्ध लेन-देन | 1997-98 (लेखा) | 1998-99 (पु. अ.) | 1999-2000 (आ. अ.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **क. प्रारम्भिक शेष** | (+) **21.64** | (+) **312.27** | (-) **386.44** |
| **ख. संचित निधि :** | | | |
| 1. राजस्व प्राप्तियाँ | (+) 11257.12 | (+) 12301.11 | (+) 13814.51 |
| 2. राजस्व लेखे पर व्यय | (-) 11726.44 | (-) 14253.28 | (-) 15597.06 |
| 3. पूंजीगत व्यय | (-) 1677.80 | (-) 1342.16 | (-) 1075.56 |
| 4. लोक ऋण (शुद्ध) | (+) 1740.13 | (+) 2414.04 | (+) 2549.89 |
| 5. राज्य सरकार द्वारा ऋण तथा अग्रिम (शुद्ध) | (+) 326.56 | (-) 233.00 | (-) 193.42 |
| 6. आकस्मिकता निधि में विनियोजन | - | - | - |
| **शुद्ध संचित-निधि** | (-) **80.43** | (-) **1113.29** | (-) **501.64** |
| **ग. आकस्मिकता निधि (शुद्ध)** | (+) **3.09** | - | - |
| **घ. लोक लेखा (शुद्ध)** | (+) **367.97** | (+) **414.58** | (+) **479.25** |
| वर्ष के शुद्ध लेन-देन | (+) 290.63 | (-) 698.71 | (-) 22.39 |
| **ङ: अंतिम शेष** | (+) **312.27** | (-) **386.44** | (-) **408.83** |

# अर्थोपाय स्थिति - एक दृष्टि में


1999-2000 (आ. अ.)



# ऋण स्थिति

(करोड़ रुपयों में)

| विवरण | 31 मार्च की ऋण स्थिति | | |
|---|---|---|---|
| | 1998 | 1999 (अनन्तिम) | 2000 (प्रत्याशित) |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| बाजार से ऋण | 2853.13 | 3410.15 | 3967.16 |
| केन्द्रीय सरकार से ऋण | 7717.61 | 9285.73 | 11045.03 |
| अन्य संस्थाओं से ऋण | 495.90 | 784.80 | 1018.37 |
| भारतीय रिजर्व बैंक से अर्थोपाय अग्रिम | - | - | - |
| भविष्य निधि, आदि | 4314.31 | 5036.27 | 5486.27 |
| सब्याज जमा (परिवार कल्याण निधि योजना) | 235.99 | 240.02 | 244.32 |
| शासकीय कर्मचारी समूह बीमा योजना | 658.53 | 774.43 | 903.40 |
| **योग** | **16275.47** | **19531.40** | **22664.55** |
| घटाइये - राज्य सरकार को देय बकाया ऋण तथा अग्रिम | (–) 2570.48 | (–) 2803.48 | (–) 2996.90 |
| **शुद्ध ऋण** | **13704.99** | **16727.92** | **19667.65** |



ऋण - स्थिति
(31 मार्च को)
(करोड़ रुपयों में)
25000
20000
15000
10000
5000
0
शुद्ध ऋण
राज्य सरकार को देय बकाया ऋण तथा अग्रिम
1998
1999 (अनन्तिम)
2000 (प्रत्याशित)


## शासकीय प्रतिभूतियों, आदि में वित्तीय विनियोजन

(करोड़ रुपयों में)

| विवरण | 31 मार्च की विनियोजन स्थिति | | |
|---|---|---|---|
| | 1998 | 1999 (अनन्तिम) | 2000 (प्रत्याशित) |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **शासकीय प्रतिभूतियाँ :** | | | |
| 1. अकाल राहत निधि विनियोजन लेखा | 2.81 | 2.74 | 3.03 |
| 2. प्रत्याभूति आरक्षित निधि विनियोजन लेखा | 0.05 | 0.05 | 0.05 |
| 3. राजस्व आरक्षित निधि विनियोजन लेखा | 16.19 | 16.19 | 16.19 |
| 4. राज्य कृषि साख (राहत तथा प्रत्याभूति) निधि | 0.24 | 0.24 | 0.24 |
| 5. नगद शेष विनियोजन लेखा | 14.82 | 14.82 | 14.82 |
| **योग** | **34.11** | **34.04** | **34.33** |
| **ऋण पत्र (डिबेन्चर) :** | | | |
| कोषागार बिल | - | - | - |
| अंशपूंजी में निवेश | 831.40 | 916.57 | 945.61 |
| **योग** | **831.40** | **916.57** | **945.61** |
| **कुल योग** | **865.51** | **950.61** | **979.94** |

# शासकीय प्रतिभूतियों, आदि में वित्तीय विनियोजन

(31 मार्च को)




D-10352


## राज्य योजना, 1999-2000 के अन्तर्गत परिव्यय

वर्ष 1999-2000 में राज्य योजना का कुल परिव्यय 3539.55 करोड़ रुपयों का है। निम्न तालिका में विकास के विविध शीर्षों पर योजना परिव्यय का विभाजन दर्शाया गया है :

| विकास के शीर्ष | प्रस्तावित परिव्यय (करोड़ रुपयों में) | प्रस्तावित परिव्यय का प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. कृषि तथा सम्बद्ध सेवायें | 279.04 | 7.88 |
| 2. ग्रामीण विकास | 331.38 | 9.36 |
| 3. सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण | 507.06 | 14.33 |
| 4. ऊर्जा | 373.96 | 10.57 |
| 5. उद्योग एवं खनिज | 70.53 | 1.99 |
| 6. परिवहन | 80.83 | 2.28 |
| 7. विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण | 54.20 | 1.53 |
| 8. सामाजिक सेवायें | 1119.63 | 31.63 |
| 9. सामान्य आर्थिक सेवायें | 66.05 | 1.87 |
| 10. सामान्य सेवायें | 656.87 | 18.56 |
| **योग** | **3539.55** | **100.00** |

उक्त योजना परिव्यय में संस्थाओं द्वारा स्वयं के संसाधनों से तथा विभिन्न उपकर निधियों से व्यय की जाने वाली धनराशि भी सम्मिलित है।

# राज्य योजना, 1999-2000 के अंतर्गत परिव्यय




## राज्य योजना, 1999-2000 के लिए संसाधन

वर्ष 1999-2000 के आयव्ययक अनुमानों में राज्य आयोजना पर व्यय के लिए 3539.55 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। राज्य योजना के लिए 184498 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता मिलेगी। इन अनुमानों के अनुसार उपलब्ध होने वाले सम्भावित राज्य के संसाधनों की राशि 1672.18 करोड़ रुपये है, जिससे संसाधन में 22.39 करोड़ रुपये का ह्रास होगा। प्रारम्भिक शेष में 386.44 करोड़ रुपये के घाटे के कारण आयव्ययक 408.83 करोड़ रुपये के घाटे से समाप्त होगा। राज्य के संसाधनों की राशि का विवरण निम्नानुसार है :

(करोड़ रुपयों में)

| मद | राशि |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 1. चालू राजस्व से शेष | (–) 115.88 |
| 2. अल्प बचत संग्रहण में हिस्सा | 900.00 |
| 3. बाजार से ऋण (शुद्ध) | 558.51 |
| 4. अनिधिबद्ध ऋण (शुद्ध) - सा. भ. नि. | 450.00 |
| 5. विविध पूंजीगत प्राप्तियाँ (शुद्ध) | (–) 428.07 |
| 6. नाबार्ड तथा भारतीय जीवन बीमा निगम से विनियमित ऋण | 293.11 |
| 7. मध्य प्रदेश विद्युत् मंडल का अंशदान | - |
| 8. भारतीय जीवन बीमा निगम से स्थानीय निकायों के लिए ऋण | 14.51 |
| 9. मध्य प्रदेश राज्य परिवहन निगम का अंशदान | - |
| 10. अन्य | - |
| **योग** | **1672.18** |

# राज्य योजना, 1999-2000 के लिये संसाधन






DOCUMENTATION CENTRE
...of Educational
Aurobindo Marg,
...lhi-110016 D-10352
DOC. No ... 08-11-99